तापमान
अधिकतम 00.0°c
न्यूनतम 00.0°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- डीसी की अधिकारियों की साथ बैठक 11 बजे
- अलग अलग जगहों पर रामलीला का मंचनरात 9 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

खबर संक्षेप



धर्मबीर हुड्डा के घर शोक जताने पहुंचे शिक्षा मंत्री

रोहतक। भाजपा के वरिष्ठ नेता और जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान धर्मबीर हुड्डा की माता किताबो देवी के निधन पर शोक जताने के लिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा गांव रुड़की पहुंचे। धर्मवीर हुड्डा के घर पर पहुंचकर उन्होंने हुड्डा परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कई अन्य सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों के लोग भी शोक जताने गांव पहुंचे।

लाडो लक्ष्मी योजना में 2100 रुपये मिलेंगे

रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसमें 1,100 रुपये सीधे बैंक खाते में जमा होते हैं, जबकि 1,000 रुपये फिक्स्ड डिपॉजिट में जमा किए जाते हैं। योजना के लिए महिला की आयु कम से कम 23 वर्ष और परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक होनी चाहिए।

अग्रसेन चौक निर्माण पर यातायात की चिंता

महम। महम के नया बस स्टैंड चौक पर नगर पालिका प्रशासन ने अग्रसेन चौक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इसका प्रस्ताव निकाय मंत्री विपुल गोयल ने रखा था। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश भारद्वाज ने कहा कि चौक बनने से शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन यातायात और आमजन की सुविधा का भी ध्यान रखना जरूरी है। निर्माण स्थल के आसपास बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर और डिजिटल बोर्ड के पोल हैं। साथ ही अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित होने की आशंका है। इस मार्ग से ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गुजरेंगी।

22 वार्डों में विकास कार्य अटके होने और शिकायतों पर सुनवाई नहीं होने से पार्षदों में रोष

खीर की मिठास में घुलेगा नाराज पार्षदों का गुस्सा, पूर्व मंत्री व मेयर के साथ मीटिंग आज

22 अक्टूबर को होनी है नगर निगम हाउस की मीटिंग

- करीब एक साल से अटकी वर्क टेंडर प्रक्रिया को लेकर भी नाराजगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम में विकास कार्यों की फाइलें अटकी हों, टेंडर जारी होने के बाद भी काम शुरू होने का इंतजार हो और पार्षदों की शिकायतों पर सुनवाई न हो तो नाराजगी बढ़ना स्वाभाविक है। अब इसी नाराजगी को दूर करने के लिए खीर का सहारा लिया जा रहा है।

22 अक्टूबर को होने वाली नगर निगम हाउस की बैठक से पहले सोमवार को डी पार्क स्थित एक रेस्टोरेंट में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और मेयर रामअवतार वाल्मीकि की मौजूदगी में पार्षदों के साथ बैठक बुलाई गई है। इसमें पार्षदों को खीर खिलाकर मनाने के साथ उनकी शिकायतें सुनने और आपसी तालमेल बनाने की कोशिश होगी। हालांकि, पार्षदों की असली नाराजगी तभी दूर होगी, जब उन्हें अपने वार्डों में रुके हुए विकास कार्यों के शुरू होने और अधूरे प्रोजेक्ट पूरे होने की उम्मीद दिखाई देगी।

कामकाज में तेजी नहीं आने से नाराजगी

नगर निगम के 22 वार्डों में विकास कार्यों को लेकर पार्षदों की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। कई पार्षदों का आरोप है कि वे बार-बार अधिकारियों के सामने अपने वार्डों की समस्याएं रख चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समाधान नहीं हो रहा। स्थिति यह है कि कुछ पार्षदों को अपनी मांगों को लेकर धरने तक देने पड़े हैं। इसके बाद भी कामकाज में अपेक्षित तेजी नहीं आने से उनकी नाराजगी बढ़ती जा रही है। पार्षदों का कहना है कि जनता उनसे विकास कार्यों को लेकर सवाल करती है, लेकिन अधिकारियों के स्तर पर सुनवाई नहीं होने के कारण उनके पास लोगों को जवाब देने के लिए ठोस जानकारी नहीं होती।



फोटो: एआई

वार्डों में बड़े विकास प्रोजेक्ट अधूरे पड़े

शहर के कई वार्डों में बड़े विकास प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं। वहीं, कुछ कार्य ऐसे भी हैं, जिनके वर्क टेंडर की प्रक्रिया लंबे समय से अटकी होने की शिकायत है। करीब एक साल से चल रहे एक वर्क टेंडर का भी पार्षदों को अता-पता नहीं मिल रहा। ऐसे में पार्षदों के सामने अपने वार्डों में विकास कार्य शुरू करवाना बड़ी चुनौती बना हुआ है। पार्षद चाहते हैं कि नगर निगम अधिकारी उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें और जिन कार्यों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, उन्हें बिना अनावश्यक देरी के पूरा करवाया जाए।

विकास कार्यों और वार्डों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

नगर निगम हाउस की पिछली बैठक पिछले साल नवंबर में हुई थी। लंबे अंतराल के बाद 22 अक्टूबर को होने वाली बैठक में शहर के विकास कार्यों और वार्डों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी है। इससे पहले मेयर रामअवतार वाल्मीकि की ओर से सभी 22 पार्षदों को बैठक के लिए निमंत्रण भेजा गया है। डी पार्क के रेस्टोरेंट में होने वाली इस बैठक को हाउस की बैठक से पहले पार्षदों की नाराजगी दूर करने और उनकी समस्याओं पर चर्चा करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अब देखना होगा कि खीर की मिठास पार्षदों का गुस्सा कितना कम कर पाती है और हाउस बैठक में विकास कार्यों को लेकर क्या तस्वीर सामने आती है।

दिवाली से पहले कच्चा चमारिया रोड पर सीआईए के छापे से हड़कंप

अवैध फैक्ट्री से दो करोड़ के पटाखे जब्त, मालिक गायब

पांच महिलाओं समेत छह लोग काम करते मिले

कच्चा माल भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दीपावली के त्योहार से पहले रोहतक में अवैध रूप से पटाखे तैयार करने और भंडारण करने का मामला सामने आया है। कच्चा चमारिया रोड पर रविवार को सीआईए पुलिस टीम ने एक कथित अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में तैयार पटाखे और उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल बरामद किया। बरामद सामान की बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। फैक्ट्री में पटाखों के सैकड़ों बॉक्स रखे हुए थे, जबकि कुछ बम खुले में सुखाने के लिए रखे गए थे। मौके से बारूद भी बरामद हुआ है। पुलिस ने सामान को जब्त कर सील करने की कार्रवाई की और उसे ले जाने के लिए कैंटर मंगवाना पड़ा। फिलहाल पुलिस फैक्ट्री संचालक की पहचान करने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी है।



फोटो: एआई

सूचना पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, सीआईए टीम को सूचना मिली थी कि कच्चा चमारिया रोड पर एक स्थान पर अवैध रूप से पटाखे बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना मिलने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और कार्रवाई शुरू की। छापे के दौरान वहां बड़ी संख्या में पटाखों के बॉक्स और निर्माण में इस्तेमाल होने वाला सामान मिला। पुलिस ने मौके पर मौजूद सामग्री की जांच करते हुए उसे कब्जे में लेना शुरू किया। शुरुआती कार्रवाई में पटाखों की मात्रा इतनी अधिक मिली कि उन्हें मौके से हटाने के लिए अतिरिक्त वाहन की व्यवस्था करनी पड़ी।

सुखाने के लिए रखे बम और बारूद मिले

2200 से अधिक बॉक्स में मिले पटाखेपुलिस ने मौके से 100 बड़े और करीब 70 छोटे बॉक्स समेत 200 से अधिक बॉक्स बरामद किए। खुले में सुखाने के लिए रखे बम और बारूद भी मिले। पटाखों की अनुमानित बाजार कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि, सामान की वास्तविक मात्रा और कीमत जांच के बाद स्पष्ट होगी।

लाइसेंस और वैधता की जानकारी नहीं

छापे के दौरान परिसर में पांच महिलाओं, एक व्यक्ति और कुछ बच्चों के मौजूद होने की जानकारी मिली। कुछ लोग वहीं रहते थे। मजदूरों को फैक्ट्री के लाइसेंस और वैधता की स्पष्ट जानकारी नहीं थी। मालिक मौके पर नहीं मिला। पुलिस फैक्ट्री संचालन और पटाखों के निर्माण व भंडारण की जिम्मेदारी तय करने में जुटी है।

माल सील कर कैंटर से ले जाया गया

फैक्ट्री से बरामद पटाखों और कच्चे माल को पुलिस ने सील कर कैंटर में लोड करवाया। बारूद के नमूने भी लिए गए। टीम ने बरामद सामग्री को सील करने की कार्रवाई की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। बारूद के नमूने भी लिए गए, ताकि आवश्यक जांच की जा सके। पुलिस अब फैक्ट्री के संचालन से संबंधित दस्तावेजों, अन्य तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

लाइसेंस नहीं मिलने पर जांच में जुटी पुलिस

सीआईए-1 के एएसआई विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को चमारिया रोड पर अवैध पटाखा फैक्ट्री चलने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। उनके अनुसार, वहां करीब दो करोड़ रुपये कीमत के पटाखे मिले हैं और मौके पर उनका लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने सामान जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। फैक्ट्री मालिक की अनुपस्थिति के चलते अब भूमिका की जांच की जा रही है।

बीपीएल परिवारों को सदस्यों के हिसाब से मिलेगा सरसों का तेल

रोहतक के करीब डेढ़ लाख परिवारों पर लागू होगी नई व्यवस्था, अक्टूबर का कोटा जारी

- 20 से 25 अक्टूबर तक राशन डिपुओं पर होगा वितरण, श्रेणी के अनुसार चुकानी होगी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में बीपीएल परिवारों को सरकारी राशन डिपुओं से मिलने वाले सरसों के तेल की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब राशन कार्ड पर परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर तेल मिलेगा। रोहतक जिले में करीब डेढ़ लाख बीपीएल परिवार इस व्यवस्था के दायरे में हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने अक्टूबर माह के लिए तेल का कोटा जारी करते हुए वितरण की तीन श्रेणियां निर्धारित की हैं। नई व्यवस्था के तहत छोटे परिवारों को कम और अधिक सदस्यों वाले परिवारों को ज्यादा सरसों का तेल दिया जाएगा। इससे जिले के राशन डिपुओं पर तेल वितरण की प्रक्रिया परिवार के आकार के अनुसार होगी।

तीन श्रेणियों में तय तेल का कोटा

दो सदस्यों तक वाले परिवार को 15 रुपये में आधा लीटर, छह सदस्यों तक वाले परिवार को 30 रुपये में एक लीटर और छह से अधिक सदस्यों वाले परिवार को 45 रुपये में डेढ़ लीटर सरसों का तेल मिलेगा।

पहले सभी कार्डों पर मिलता था दो लीटर तेल

पहले प्रत्येक बीपीएल राशन कार्ड पर 100 रुपये में दो लीटर सरसों का तेल मिलता था। अब परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर तेल की मात्रा और कीमत तय की गई है

राशन कार्ड धारक श्रेणी के अनुसार लें तेल

लाभार्थियों को सलाह दी गई है कि वे राशन डिपो पर तेल लेने जाने से पहले अपने परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार निर्धारित मात्रा और कीमत की जानकारी रखें। निर्धारित अवधि में तेल का वितरण होने से पात्र परिवारों को समय पर इसका लाभ मिल सकेगा। जिन परिवारों में सदस्यों की संख्या अधिक है, उन्हें नई व्यवस्था के तहत अपेक्षाकृत ज्यादा तेल मिलेगा, जबकि छोटे परिवारों के लिए मात्रा कम निर्धारित की गई है।

बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर 1 नवंबर से शिकंजा

पुलिस चलाएगी विशेष अभियान, नियम तोड़ने पर वाहन जब्त करने की भी हो सकती है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यातायात नियमों की अनदेखी कर बिना नंबर प्लेट या नियमानुसार हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) के वाहन चलाने वालों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। रोहतक पुलिस एक नवंबर 2026 से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करेगी। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार वाहन जब्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। पुलिस ने वाहन चालकों को अभियान शुरू होने से पहले अपने वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुसार नंबर प्लेट लगवाने की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देशानुसार चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करना और वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करना है। पुलिस के अनुसार, वाहन की नंबर प्लेट उसकी पहचान का महत्वपूर्ण माध्यम होती है। इसके जरिए किसी वाहन की पहचान करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित वाहन तक पहुंचने में मदद मिलती है।



नंबर प्लेट नहीं होने से पहचान में परेशानी

पुलिस के अनुसार बिना नंबर प्लेट या नियमानुसार एचएसआरपी के बिना वाहनों की पहचान करना मुश्किल होता है। इसे देखते हुए एक नवंबर से ऐसे वाहनों की जांच की जाएगी।

अभियान से पहले चालक कर लें तैयारी

पुलिस ने वाहन चालकों से 31 अक्टूबर तक नियमानुसार नंबर प्लेट और जरूरी होने पर एचएसआरपी लगवाने की अपील की है। साथ ही वाहन के दस्तावेज पूरे रखने की सलाह दी है। एक नवंबर से पुलिस बिना नंबर प्लेट या नियमानुसार एचएसआरपी के बिना चलने वाले वाहनों की जांच करेगी।

मनमोहक



रोहतक। पुरानी आईटीआई मैदान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले में रविवार रात 200 से अधिक ड्रोन के भव्य शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोहतक में पहली बार रामलीला महोत्सव के दौरान आयोजित इस शो में आसमान में रोशनी से सजी आकृतियों के माध्यम से भगवान श्रीराम और रामायण से जुड़े प्रसंग प्रस्तुत किए गए।
संबंधित खबर- पेज 8 पर

एमडीयू के प्रो. देवेंद्र और उनकी टीम ने विकसित किए 'स्मार्ट लैंथेनाइड कॉम्प्लेक्स'

नई स्मार्ट सामग्री से मेडिकल इमेजिंग और बीमारी के बायोमार्कर की जांच का रास्ता होगा आसान

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों की होगी सटीक पहचान, मिलेगा सही इलाज

7 शोधार्थी और प्राध्यापक दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

कैंसर की पहचान और लक्षित इलाज की दिशा में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के वैज्ञानिकों ने अहम कदम बढ़ाया है। विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह और उनकी टीम ने 'स्मार्ट मैटेरियल' (लैंथेनाइड कॉम्प्लेक्स) विकसित किए हैं, जो कैंसर समेत विभिन्न बीमारियों की पहचान, मेडिकल इमेजिंग और लक्षित उपचार (टारगेटेड थेरेपी) संबंधी अनुसंधान को नई दिशा दे सकते हैं। वैज्ञानिक उपलब्धियों के साथ एमडीयू ने वैश्विक स्तर पर भी अपनी धाक जमाई है। प्रो. देवेंद्र सिंह समेत विभाग के 7 शोधार्थियों और प्राध्यापकों को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर की दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में जगह मिली है। वहीं, अत्याधुनिक उपकरणों और शोध सुविधाओं के विस्तार के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से करीब 1.9 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत हुआ है।


प्रो. देवेंद्र सिंह


डॉ. अंजलि | डॉ. कपिशा | डॉ. ईशा | डॉ. पवन | डॉ. सितेंदर | डॉ. अनुज

नई तकनीक ऐसे करेगी काम

▶▶ **बीमारी की सटीक पहचान:** लैंथेनाइड कॉम्प्लेक्स पर आधारित तकनीक से कैंसर के विशिष्ट जैविक संकेतकों की पहचान अधिक संवेदनशीलता से करने में मदद मिल सकती है।

▶▶ **ट्यूमर की स्पष्ट तस्वीर:** इन पदार्थों के संभावित उपयोग से मेडिकल इमेजिंग में शरीर के भीतर असामान्य संरचनाओं को पहचानना आसान हो सकता है।

▶▶ **लक्षित इलाज संभव :** भविष्य में इन सामग्रियों पर आधारित प्रणालियां दवा को कैंसर कोशिकाओं तक पहुंचाने या उपचार को अधिक सटीक बनाने में मदद कर सकती हैं।

▶▶ **दुष्प्रभाव घटाने की उम्मीद :** यदि दवा को अधिक सटीकता से प्रभावित कोशिकाओं तक पहुंचाना संभव हुआ, तो स्वस्थ कोशिकाओं को होने वाला नुकसान कम किया जा सकता है।

▶▶ **लैंथेनाइड आधारित ये यौगिक एमआरआई स्कैन में 'कंट्रास्ट एजेंट' के रूप में भी उपयोगी होंगे।** इससे डॉक्टरों को शरीर के भीतर ट्यूमर या असामान्य संरचनाएं स्पष्ट दिखाई देंगी, जिससे बीमारी का निदान और इलाज अधिक सटीक होगा।

अभी क्या है इलाज

▶▶ कैंसर के प्रकार, उसकी अवस्था और मरीज की स्थिति के आधार पर सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी से इलाज किया जाता है।

▶▶ कीमोथेरेपी कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के साथ तेजी से बढ़ने वाली स्वस्थ कोशिकाओं को भी प्रभावित कर सकती है। बाल झड़ना, थकान व अन्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

▶▶ कैंसर की पहचान के लिए बायोप्सी, रक्त जांच, सीटी स्कैन, एमआरआई व अन्य जांचों का इस्तेमाल किया जाता।

▶▶ अन्य तकनीकी क्षेत्रों में भी होगा प्रयोग

इन विकसित पदार्थों का उपयोग केवल चिकित्सा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इनका उपयोग स्मार्टफोन और टीवी की अत्याधुनिक ओएलईडी डिस्प्ले, एलईडी लाइटिंग, हाई-सिक्योरिटी इंक तथा ऑप्टिकल कम्युनिकेशन सिस्टम जैसे बहुउपयोगी क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से किया जा सकेगा।

वैश्विक रैंकिंग में ये शामिल: प्रो. देवेंद्र सिंह और उनकी टीम के छह होनहार शोधार्थियों डॉ. सितेंद्र सिंह, डॉ. अनुज दलाल, डॉ. कपीशा, डॉ. अंजली, डॉ. ईशा गुप्ता तथा डॉ. पवन को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर की ओर से जारी विश्व के शीर्ष 2 % प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है।

अनुरक्षण कार्य का असर

22 अक्टूबर तक बंद रहेगा खेरड़ी मोड़ सैंपल गांव का फाटक

रोहतक। रोहतक-भिवानी रेलखंड पर खेरड़ी मोड़ से सैंपल गांव को जोड़ने वाला रेलवे फाटक संख्या एलसी-26 अनुरक्षण कार्य के चलते 22 अक्टूबर रात 10 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे ने वाहन चालकों को फाटक संख्या 21सी, 23सी और 27सी सहित अन्य वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। साथ ही संकेतकों और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। परिचालन संबंधी कारणों से दो रेल सेवाएं भी रद्द रहेंगी। रेवाड़ी से हिसार जाने वाली गाड़ी संख्या 54315 का संचालन 18 अक्टूबर को नहीं होगा। वहीं, हिसार से दिल्ली जाने वाली गाड़ी संख्या 54310 की सेवा 19 अक्टूबर को रद्द रहेगी।

- दो रेल सेवाएं भी रद्द रहेंगी

300 ड्रोन के माध्यम से दिखाई जाएगी प्रभु श्रीराम की दिव्य गाथा

दशहरा पर्व पर कल ओल्ड शुगर मिल ग्राउंड में होगा भव्य सनातनी सम्मेलन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दशहरा पर्व के अवसर पर 20 अक्टूबर को नई अनाज मंडी के सामने स्थित ओल्ड शुगर मिल ग्राउंड में भव्य सनातनी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को उपायुक्त सतबीर सिंह की अध्यक्षता में उनके कैंप कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश नांदल, नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुल्हन, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, नगराधीश शुभम, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता तथा कार्यक्रम के संयोजक एवं उद्योगपति करण विग मौजूद रहे। करण विग ने बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों एवं आयोजन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के उपरांत पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश नांदल तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस भव्य आयोजन का प्रमुख आकर्षण ड्रोन शो होगा। लगभग 300 ड्रोन के माध्यम से आसमान में प्रभु श्रीराम की दिव्य गाथा, राम-रावण युद्ध तथा रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आकर्षक दृश्यों के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रोहतक के लोगों के लिए एक अनूठा अनुभव होगा और इस आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति, भगवान श्रीराम के आदर्शों तथा भारतीय धार्मिक परंपराओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रोवर ने कहा कि हम सभी सनातनी हैं और अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा धार्मिक विरासत का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना हमारा दायित्व है। इसी भावना के साथ इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग भारतीय संस्कृति और भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने बताया कि सम्मेलन में 'हनुमान अंश' फिल्म के कलाकार विशेष रूप से शिरकत करेंगे। इसके अलावा मथुरा से आने वाली केशव टीम क्लबिंग भजनों की प्रस्तुति देगी, जिससे श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होंगे। उन्होंने कहा कि ड्रोन शो, धार्मिक प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजन को यादगार बनाने की तैयारी की गई है।



रोहतक। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मीटिंग करते उपायुक्त सतबीर सिंह व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

ग्रोवर ने दिग्विजय के बयान की निंदा की

कांग्रेस पर लगाया तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा सनातन धर्म के संबंध में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और इसी कारण उसके नेता लगातार हिंदू विरोधी बयान दे रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश नांदल, युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, पवन आहूजा, विकास बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

आसमान में उकेरी रामायण



रोहतक में पहली बार आस्था और तकनीक का अनोखा संगम

200 से अधिक ड्रोन का भव्य शो

पुरानी आईटीआई मैदान में शो देखने उमड़ पड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुरानी आईटीआई मैदान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले में रविवार रात 200 से अधिक ड्रोन के भव्य शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोहतक में पहली बार रामलीला महोत्सव के दौरान आयोजित इस शो में आसमान में रोशनी से सजी आकृतियों के माध्यम से भगवान श्रीराम और रामायण से जुड़े प्रसंग प्रस्तुत किए गए। आधुनिक तकनीक के जरिए आसमान में साकार हुए इन दृश्यों को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी मैदान में पहुंचे। ड्रोन शो ने धार्मिक आस्था और तकनीक के अनूठे संगम से आयोजन को यादगार बना दिया। श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से महोत्सव को खास बनाने के लिए इस बार ड्रोन शो का आयोजन किया गया। 200 से अधिक ड्रोन के तालमेल से आसमान में अलग-अलग आकृतियां बनाई गईं। रोशनी से जगमगाते दृश्यों को देखकर मैदान में मौजूद दर्शकों ने उत्साह जताया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इस अनूठे आयोजन को लेकर खासा आकर्षण दिखाई दिया। रामायण के प्रसंगों को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत करने की पहल ने लोगों का ध्यान खींचा।





हनुमान ने किया लंका दहन

ड्रोन शो से पहले रामलीला के नौवें दिन हनुमान द्वारा लंका दहन के रोमांचक प्रसंग का मंचन किया गया। माता शबरी की भक्ति, भगवान श्रीराम और हनुमान के मिलन तथा अशोक वाटिका उजाड़ने के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। माता सीता से भेंट के दौरान हनुमान द्वारा भगवान श्रीराम का संदेश पहुंचाने और इसके बाद लंका दहन के मंचन पर पूरा मैदान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा।

मेले में रही रौनक

रामलीला महोत्सव के साथ दशहरा मेले में भी लोगों की भीड़ उमड़ी। रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से पुरानी आईटीआई मैदान जगमगाता रहा। बच्चों ने बिजली के झूलों का आनंद लिया, वहीं खानपान के स्टॉलों पर भी लोगों की चहल-पहल रही। परिवारों ने रामलीला और मेले का आनंद लिया। कमेटी के प्रधान सुभाष तायल और मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी का आभार जताया।

लक्ष्मण की दशा देख व्याकुल हुए श्रीराम

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में युद्ध के दौरान मेघनाद ने लक्ष्मण पर शक्तिबाण चलाया, जिससे वह मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। भाई की हालत देखकर भगवान श्रीराम की व्याकुलता का मार्मिक मंचन किया गया। विभीषण की सलाह पर हनुमान सुषेण वैद्य को लेकर आए। वैद्य ने लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए सूर्योदय से पहले संजीवनी बूटी लाने की बात कही। इसके बाद हनुमान के संजीवनी की खोज में जाने, कालनेमि से सामना होने और भरत मिलाप के प्रसंगों का मंचन हुआ। अंत में हनुमान संजीवनी लेकर लौटे और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई। इस दृश्य पर दर्शकों ने जयकारों के साथ कलाकारों का अभिनंदन किया।

पटेल नगर रामलीला में खर-दूषण का दरबार

न्यू श्रीरामलीला पटेल नगर में रामलीला मंचन के दौरान खर-दूषण का दरबार सजाया गया। कलाकारों ने आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से प्रसंग को जीवंत किया। रामलीला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया और पंडाल में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

दीपावली पर रोशनी से जगमग होगा सांपला

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें होंगी दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

दीपावली पर कस्बे को रोशनी से जगमग करने के लिए नगर पालिका ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। त्योहार से पहले शहर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, फैंसी लाइट और हाईमास्ट लाइटों को ठीक कराया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका ने संबंधित ठेकेदार को खराब लाइटों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शहर में लगी लाइटों का रिकॉर्ड तैयार करने को कहा गया है, ताकि उनकी स्थिति की जानकारी उपलब्ध रहे और खराब लाइटों को समय पर ठीक कराया जा सके।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों स्ट्रीट और फैंसी लाइटें बंद पड़ी हैं। इसके कारण रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दिवाली के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में अंधेरे वाले स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त करना नगर पालिका के लिए चुनौती है। इसी को देखते हुए अधिकारियों ने लाइटों की मरम्मत का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

प्रमुख मार्गों के साथ वार्डों में भी होगी मरम्मत

खरखोदा मार्ग, झज्जर मार्ग और शहर के मुख्य मार्ग सहित विभिन्न वार्डों में लाइटें खराब होने की शिकायतें हैं। नगर पालिका की ओर से ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी खराब लाइटों की पहचान करे और मरम्मत का काम तेजी से पूरा करवाए। त्योहार से पहले व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि रात के समय लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।लाइटों का रिकॉर्ड तैयार होने से यह भी पता चल सकेगा कि शहर में कितनी लाइटें लगी हैं और उनमें से कितनी चालू या खराब हैं। इससे भविष्य में खराब लाइटों की मरम्मत और रखरखाव की निगरानी करने में मदद मिलेगी।

सभी 16 वार्डों में रोशनी का लक्ष्य

नगर पालिका के चेयरमैन प्रवीण कोच ने कहा कि उनका प्रयास है कि शहर के सभी 16 वार्डों में रात के समय रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहे। वार्ड नंबर एक और दो में लाइटें लगाने का काम चल रहा है। इसके अलावा सभी वार्डों में खराब लाइटों को बदलने और व्यवस्था सुधारने पर काम किया जाएगा।

त्योहार से पहले ठीक होंगी खराब लाइटें

नगर पालिका सांपला के सचिव पंकज जून ने बताया कि त्योहारों का सीजन शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित ठेकेदार को काम में तेजी लाने और प्राथमिकता के आधार पर खराब लाइटों को दुरुस्त करने के लिए कहा गया है। त्योहार के दौरान शहर को रोशन रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

108 मीठे पान का भोग लगाकर की मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना



रोहतक। श्री सनातन धर्म दुर्गा भवन मंदिर में नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर माता रानी को 108 मीठे पान का भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में नवरात्र का पर्व मंदिर प्रधान ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पूजा-अर्चना के बाद रात्रि में महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।मंदिर के पुजारी ज्योतिषाचार्य मनोज मिश्र ने बताया कि मां कालरात्रि दुर्गा के सातवें स्वरूप के रूप में पूजी जाती हैं। उनका वर्ण काला होने के कारण उन्हें कालरात्रि कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवी ने दुष्टों के संहार के लिए यह उग्र रूप धारण किया था। मां कालरात्रि को शुभ फल प्रदान करने वाली देवी भी माना जाता है, इसलिए उन्हें शुभंकारी नाम से भी जाना जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप भले ही भय उत्पन्न करने वाला है, लेकिन वे अपने भक्तों के लिए अत्यंत कल्याणकारी हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा करने वाले श्रद्धालुओं के भय और बाधाएं दूर होती हैं।

छात्राओं के लिए एक निशुल्क बस सेवा और शुरू करने की घोषणा की

पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने मनाया नवरात्र महोत्सव, माता रानी के भजनों पर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम से पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने रविवार को महम कार्यालय पर नवरात्रि महोत्सव मनाया। इस दौरान माता रानी का कीर्तन किया गया। बलराज कुंडू और उनकी पत्नी परमजीत कुंडू व उनके समर्थक माता रानी के भजनों पर जमकर झूमे। इस दौरान हवन यज्ञ किया गया। माता रानी की विशाल चौकी लगाई गई और भंडारा लगाया गया। हरीश तागरा एंड पार्टी ने भजनों के माध्यम से माता रानी का गुणगान किया।

इस कार्यक्रम में महम हलके के सभी गांवों से भारी संख्या में लोग पहुंचे। बलराज कुंडू ने कहा कि नवरात्रों का यह पावन पर्व आदि शक्ति माँ दुर्गा की आराधना का पर्व है। शक्ति के इस महापर्व पर माँ के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम है। इसी पावन अवसर पर आप सभी के आशीर्वाद और प्यार से अपनी बहनों की सेवा और सुरक्षा के लिए एक और निशुल्क बस सेवा का पुनः शुभारंभ किया गया है। पहले भी कई रूटों पर फ्री बसें चलाई जा रही हैं। कुंडू ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था और आज फिर दिल से कह रहे हैं कि ये सभी बसें उनकी प्यारी बहनों को समर्पित हैं। ये सिर्फ एक बस नहीं है, ये हमारी बहन-बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का संकल्प है। मेरी कोशिश है कि महम की किसी भी बहन-बेटी को पढ़ाई के लिए, नौकरी के लिए, या अपने किसी जरूरी काम के लिए आने-जाने में कोई परेशानी न हो।


महम। नवरात्र महोत्सव के दौरान माता रानी की पूजा अर्चना करते पूर्व विधायक बलराज कुंडू, उनकी धर्मपत्नी परमजीत कुंडू व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ये मौजूद रहे

इस मौके पर आजाद सिंह कुंडू, रमेश बल्हारा, जलकरण बल्हारा, पार्षद बजरंग गोयल उर्फ बॉबी गोयल, सुरेश रल्हन, रामअवतार बसंल, वैद रत्नभूषण, सोमबीर खेड़ी, संजय राठी, राजा बड़ाभैण, पप्पन सीसर खास, अनिल सिंगला, विकास शर्मा, जयबीर सिंहमार, संतोष देवी, सुशीला व नाजमा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

डबल पार्क में महाअष्टमी पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की


रोहतक। रेलवे रोड पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा की आराधना के पर्व दुर्गा पूजा के तहत रविवार को डबल पार्क स्थित कम्युनिटी सेंटर, मॉडल टाउन में महाअष्टमी की पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। वहीं रेलवे रोड पर भी धूमधाम से महाअष्टमी की पूजा की गई। बंगाली समुदाय की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां दुर्गा के गौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

महाअष्टमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से आए पुरोहितों ने विधि-विधान से पूजा संपन्न करवाई। उन्होंने दुर्गा स्तुति और सस्वर मंत्रोच्चारण के साथ मां की आराधना की। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को फल, फूल और मिष्ठान्न अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दौरान मंत्रों की गूंज और भक्तों की श्रद्धा ने आयोजन को विशेष बना दिया। दुर्गा पूजा उत्सव में बंगाली समुदाय के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां की पूजा की। महाअष्टमी को दुर्गा पूजा का विशेष महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन मां दुर्गा की आराधना करने से शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। श्रद्धालुओं ने मां से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।


रोहतक। डबल पार्क स्थित कम्युनिटी सेंटर, मॉडल टाउन में मां दुर्गा ।

श्रद्धालुओं के लिए लंगर लगाया

पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। दुर्गा पूजा उत्सव के माध्यम से समुदाय के लोगों को एक साथ आकर भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला।

राजनीति

मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी पर बोले- संभावनाएं जीवित रहनी चाहिए

कुलदीप शर्मा ने माना कांग्रेस में बिखराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कांग्रेस के संगठन और पार्टी में नेताओं के बिखराव को लेकर अपनी बात रखी। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को फिर से 2005 वाला गुलदस्ता चाहिए। जब पत्रकारों ने उस गुलदस्ते के बिखरने की बात कही तो उन्होंने इसे स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेता भाजपा में जा चुके हैं। मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने से जुड़े सवाल पर कुलदीप शर्मा ने कहा कि संभावनाएं जीवित रहनी चाहिए और उनसे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। हालांकि, उन्होंने अपनी दावेदारी को लेकर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर सवाल पूछे जाने पर भी वह अपने राजनीतिक रुख को स्पष्ट करने से बचते नजर आए। उन्होंने हुड्डा की तारीफ की, लेकिन उनके साथ राजनीतिक समीकरणों पर खुलकर कुछ नहीं कहा। कांग्रेस में आपसी मतभेदों के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा में भी मतभेद हैं। उन्होंने 8 अक्टूबर से शनि की ग्रहचाल बदलने का जिक्र करते हुए राजनीतिक परिस्थितियों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी भी की। कुलदीप शर्मा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और पूर्व नेताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि वह छत्तीस बिरादरी का आशीर्वाद लेकर चलते हैं और सभी समुदायों का सम्मान करते हैं।

उन्होंने संविधान स्थल पर चौधरी रणबीर सिंह की प्रतिमा के साथ पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा स्थापित किए जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य कांग्रेस शासनकाल में ही हो जाना चाहिए था। भाजपा शासन में यह कार्य होने पर उन्होंने कांग्रेस के प्रतिनिधित्व को लेकर नाराजगी जताई और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा।



सब इंस्पेक्टर बनने पर जताई खुशी

सांपला। कस्बे के थाने में तैनात अमित रुहील के सब इंस्पेक्टर बनने पर साथी कर्मचारियों ने खुशी जताई। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने स्टार लगा कर अमित को बधाई दी। अमित रुहील ने अपने स्टाफ के साथ मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में हरियाणा की पकड़ मजबूत

रणजी ट्रॉफी: रोहतक का निशांत सिंधु व झज्जर के हर्षवर्धन दलाल बने संकट मोचन

चंडीगढ़ के खिलाफ 4 विकेट के नुकसान पर बनाए 139 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा और चंडीगढ़ के बीच खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी का मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। शुरुआती झटकों से उबरते हुए मेजबान हरियाणा की टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। बड़ा स्कोर खड़ा करने में रोहतक के निशांत सिंधु और झज्जर के यशवर्धन दलाल ने बेहरीन पारी खेली।

पहले दिन पिच ने दिखाया रंग, गिरे 14 विकेट

बंसीलाल स्टेडियम की पिच ऐतिहासिक रूप से तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के लिए मददगार साबित होती रही है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की टीम इस पिच पर ज्यादा देर टिक नहीं सकी और महज 103 रन के मामूली स्कोर पर ढेर हो गई। पिछले कुछ सीजन की तरह इस बार भी इस मैदान पर लो-स्कोरिंग मैच के संकेत पहले ही दिन मिल गए। मैच के पहले ही दिन गेंदबाजों का जबरदस्त दबदबा देखने को मिला, जहां पूरी दिन की अवधि में कुल 14 विकेट धराशायी हो गए।

हरियाणा की शुरुआत भी निराशाजनक रही बाद में पारी को संभाला व बड़ा स्कोर बनाया

चंडीगढ़ को कम स्कोर पर समेटने के बाद अपनी पहली पारी खेलने उतरी हरियाणा की शुरुआत भी बेहद निराशाजनक रही। चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने हरियाणा के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। महज 37 रन के स्कोर पर हरियाणा के चार महत्वपूर्ण बल्लेबाज पवेलियन लौट गए, जिससे टीम गहरी मुसीबत में नजर आने लगी थी। हरियाणा को संकट से उबारने की जिम्मेदारी रोहतक के निशांत सिंधु और झज्जर के यशवर्धन दलाल ने संभाली। दोनों युवा बल्लेबाजों ने बेहद संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए न केवल विकेटों के पतझड़ को रोका, बल्कि टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। पहले दिन का खेल खत्म होने पर यशवर्धन दलाल शानदार 63 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि निशांत सिंधु 46 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दे रहे हैं। हरियाणा को पहली पारी के आधार पर बढ़त मिल चुकी है और दूसरे दिन टीम एक विशाल स्कोर खड़ा करने के इरादे से उतरेगी।


एसडीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश अमित श्योराण का अहम फैसला

चेक बाउंस मामले में दोषी को 5 लाख का जुर्माना व 6 माह कैद

मुआवजा नहीं देने पर आरोपी को तीन महीने की अतिरिक्त साधारण कैद भुगतनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पेट्रोल पंप से उधार लिए ईंधन की बकाया राशि चुकाने के लिए दिया 3.60 लाख रुपये का चेक बाउंस होने के मामले में महम की एसडीजेएम कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 6 महीने की साधारण कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी को पेट्रोल पंप संचालक को 5 लाख रुपए मुआवजा देने के भी आदेश दिए हैं। मुआवजा नहीं देने पर उसे 3 महीने की अतिरिक्त साधारण कैद भुगतनी होगी। वादी के वकील संदीप बंसल के अनुसार, महम के पुराने बस स्टैंड स्थित आरके जैन एंड संस बीपीसीएल पेट्रोल पंप की ओर से पंप मैनेजर राकेश ने गांव बेडवा निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत शिकायत दर्ज कराई थी।



एआई जेनरेटेड

आरोपी को 50 हजार के जमानती मुचलके के आदेश

वहीं, शिकायतकर्ता ने पेट्रोल पंप का लेजर रिकॉर्ड पेश किया। कोर्ट ने पाया कि आरोपी अपने बैंक खातों में दर्ज भुगतानों को ईंधन की खरीद और संबंधित बकाया राशि से जोड़कर साबित नहीं कर पाया। आरोपी ने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि कथित सुरक्षा चेक कब और किस उद्देश्य से दिया गया था। कोर्ट ने माना कि आरोपी चेक पर अपने हस्ताक्षर से इनकार नहीं कर पाया और कानूनी रूप से देय बकाया राशि के संबंध में शिकायतकर्ता के पक्ष में बनी धारणा को खारिज करने में असफल रहा। एसडीजेएम अमित श्योराण की अदालत ने सजा सुनाते हुए 6 महीने की साधारण कैद और 5 लाख रुपए मुआवजे का आदेश दिया। आरोपी ने अपील दायर करने के लिए सजा निलंबित करने की अर्जी दी, जिस पर कोर्ट ने 30 दिन के लिए जमानत मंजूर की। आरोपी को 50 हजार रुपए के जमानती मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानतदार के आधार पर राहत दी गई। उसे 11 नवंबर 2026 तक अपीलीय अदालत से नया जमानत आदेश लेने या उस दिन अदालत में आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए हैं।

11 नवंबर तक अपीलीय अदालत से नया जमानत आदेश लेने के निर्देश

आरोपी ने वर्ष 2016 से 2021 के बीच पेट्रोल पंप से खरीदा था ईंधन

शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने वर्ष 2016 से 2021 के बीच पेट्रोल पंप से ईंधन खरीदा था। 9 नवंबर 2024 तक उसके खाते में 3.60 लाख रुपए बकाया थे। बार-बार मांगने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद आरोपी ने 10 जुलाई 2025 को बकाया राशि के लिए 3.60 लाख रुपए का चेक दिया। बैंक में लगाने पर 16 जुलाई 2025 को चेक खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया। पेट्रोल पंप संचालक ने 18 जुलाई 2025 को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन भुगतान नहीं होने पर कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। सुनवाई के दौरान आरोपी ने बचाव में कहा कि उसने पेट्रोल पंप संचालक को अलग-अलग 31 भुगतानों के माध्यम से कुल 10.19 लाख रुपए दिए थे। इन भुगतानों का शिकायतकर्ता के खाते में सही समायोजन नहीं किया गया। आरोपी ने चेक को सुरक्षा के तौर पर दिया हुआ बताते हुए उसके दुरुपयोग का आरोप भी लगाया। बचाव पक्ष ने बैंक खातों के विवरण भी पेश किए।

17वीं हरियाणा राज्य वुशु चैंपियनशिप में रोहतक बना ओवरऑल चैंपियन

- रेवाड़ी द्वितीय व झज्जर व कैथल ने संयुक्त रूप से पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा एमेच्योर वुशु एसोसिएशन द्वारा आयोजित 17वीं हरियाणा राज्य वुशु चैंपियनशिप (सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग) का भव्य समापन समारोह रविवार को एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से आए लगभग 350 खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, तकनीकी कौशल और जुझारूपन का प्रदर्शन किया।

कड़े मुकाबलों के बाद ओवरऑल अंक तालिका में रोहतक जिला प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बना। वहीं रेवाड़ी जिला द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि झज्जर एवं कैथल जिले ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी. स्कूल के डायरेक्टर राजेश आर्य एवं ऋत्विक आर्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समाजसेवी देवेंद्र सैनी, वार्ड नंबर 2 के पार्षद धर्मवीर सैनी, समाजसेवी निर्मल सिंह तथा दामोदर प्रभु ने शिरकत की। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ खेलों में भाग लेने और अपने जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।


रोहतक। मैट में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

खेल युवाओं में करते हैं अनुशासन, आत्मविश्वास साहस और नेतृत्व क्षमता का संचार : राजेश आर्य

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस एवं नेतृत्व क्षमता का संचार करते हैं। वुशु जैसे मार्शल आर्ट खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणा का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रशिक्षकों (कोचों) और निर्णायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरियाणा एमेच्योर वुशु एसोसिएशन के महासचिव श्री राजकुमार ने बताया कि इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य में वुशु खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देना, उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा दिसंबर माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप के लिए राज्य टीम का चयन करना रहा।



38वीं हरियाणा स्टेट जूनियर ताइक्वांडो में कृति ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंबाला में आयोजित 38वीं हरियाणा स्टेट जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रोहतक की प्रतिभावान खिलाड़ी कृति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। रैनकपुरा, रोहतक की रहने वाली कृति के पिता का नाम बलजीत है। कृति ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच रोहताश के मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और परिवार के निरंतर सहयोग को दिया है। प्रतियोगिता के दौरान कृति ने अपने सभी मुकाबलों में उत्कृष्ट तकनीक और खेल भावना का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और रजत पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।कृति की इस सफलता पर रैनकपुरा क्षेत्र और उनके परिजनों में खुशी की लहर है। कोच रोहताश और स्थानीय खेल प्रेमियों ने कृति को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कृति आने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम ऊंचा करेंगी।

स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब ने लेट सुगनी देवी फाउंडेशन क्लब को 23 रन से हराया

रोहतक। लोकल क्रिकेट मुकाबले में स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब ने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन क्लब को 23 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टालवार्ट स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाए। टीम की ओर से अनुराग ने 22 गेंदों में शानदार 25 रन और ऑलराउंडर एसके पी ने 19 गेंदों में 22 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। विपक्षी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए आर्शीवाद लोहात ने 2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट झटके और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। 72 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन क्लब की टीम 12 ओवर में 48 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। स्टालवार्ट के ग एसके पी ने 2 ओवर में महज 3 रन देकर 1 अहम विकेट हासिल किया। बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वाले एसके पी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

द एपिक ने रोहतक ब्लास्टर्स को 10 रन से हराया, राहुल ने खेली तूफानी पारी

रोहतक। रोमांचक क्रिकेट मुकाबले में द एपिक ब्लास्टर ने रोहतक ब्लास्टर्स को 10 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए द एपिक ब्लास्टर ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 169 रन बनाए। टीम की तरफ से राहुल खत्री ने 43 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 70 रन की तूफानी पारी खेली। उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए राहुल खत्री को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'बेस्ट बैटर' चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक ब्लास्टर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। रोहतक ब्लास्टर्स की ओर से रवि भीम हुड्डा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट चटकाए और 'बेस्ट बॉलर' का खिताब जीता।

ईश्वर के स्मरण से आत्मबल और शक्ति की होती है प्राप्ति : डॉ. सुकामा



रोहतक। तिलक नगर स्थित धर्मशाला में आर्य समाज तिलक नगर की ओर से आयोजित दो दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन विश्ववारा कन्या गुरुकुल की प्राचार्या पद्मश्री डॉ. सुकामा ने सदाचार और ईश्वर उपासना के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि मांस भक्षण, सुरापान, जुआ खेलना और व्यभिचार ऐसे चार व्यवहार हैं, जिनसे मनुष्य पतित होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इनसे दूर रहकर सदाचार का मार्ग अपनाना चाहिए।

डॉ. सुकामा ने कहा कि मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा ही बनता है। ईश्वर का स्मरण करने से आत्मबल और शक्ति प्राप्त होती है। यदि उपासक अपने हृदय में सर्वशक्तिमान परमात्मा का ध्यान धारण करे तो उसकी आत्मा अपूर्व शक्ति प्राप्त कर सकती है। बलवान का स्मरण करना वास्तव में अपनी आत्मा के द्वार शक्ति के लिए खोलने के समान है। इससे पहले डॉ. जगदेव सिंह के ब्रह्मत्व में यज्ञ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि प्रार्थना और प्रतिज्ञा उपासना के महत्वपूर्ण अंग हैं। वेद जीवन के सभी पहलुओं पर एक साथ दृष्टि डालता है। इसमें आध्यात्मिक उन्नति के साथ भौतिक समृद्धि को भी महत्व दिया गया है। वेदों में प्रजा, पशुधन, ब्रह्मवर्चस और अन्न सहित जीवन की आवश्यकताओं के लिए सामूहिक प्रार्थना का संदेश मिलता है। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों ने ईश्वर भक्ति से जुड़े मनोहारी भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कंवर सिंह गुलिया, धर्मपाल दहिया, सुखबीर दहिया और करतार सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

लोन एप से ठगी हो तो तुरंत 1930 पर करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लोन एप और इंस्टेंट लोन के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से बचने के लिए जिला पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर घबराने या चुप बैठने के बजाय तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत में देरी होने से ठगी की रकम दूसरे बैंक खातों में स्थानांतरित हो सकती है, जबकि समय पर सूचना मिलने से संबंधित बैंक और पुलिस को रकम रोकने तथा उसकी रिकवरी के प्रयास करने में मदद मिल सकती है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देशानुसार अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के 18वें दिन थाना साइबर क्राइम रोहतक की टीम से सहायक उपनिरीक्षक सतीश और नशा मुक्ति टीम प्रभारी एएसआई मोहन ने टीम के साथ गांव टिटौली स्थित एमजीएम स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

साइबर ठगी के बाद सबूत सुरक्षित रखना जरूरी

पुलिस टीम ने बताया कि साइबर ठगी का पता चलते ही पीड़ित को बिना देरी किए 1930 पर शिकायत करनी चाहिए। इसके साथ ही संदिग्ध मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप चैट, स्क्रीनशॉट, बैंक खाते की जानकारी, यूपीआई आईडी, ट्रांजेक्शन आईडी, बैंक स्टेटमेंट और संदिग्ध लिंक जैसे साक्ष्य सुरक्षित रखने चाहिए। इनकी मदद से पुलिस को मामले की जांच करने और आरोपियों तक पहुंचने में सहायता मिल सकती है। अभियान के तहत स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी, यूपीआई और बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी कस्टमर केयर, ओटीपी और केवाईसी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम तथा संदिग्ध मोबाइल एप के जरिए होने वाली ठगी के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिकायत मिलने के बाद संबंधित बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध प्रक्रिया के अनुसार संदिग्ध खाते पर रोक लगाने या राशि को आगे स्थानांतरित होने से बचाने के प्रयास किए जा सकते हैं। हालांकि, रकम की वापसी की गारंटी नहीं होती, इसलिए शिकायत जितनी जल्दी दर्ज कराई जाए, उतना बेहतर है।

जनसमस्याओं के लिए आज जिले में सभी उपमंडल स्तर पर लगेंगे समाधान शिविर

झज्जर। आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडलों में समाधान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों की शिकायतें सुनकर उनका निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल और उपमंडल स्तरीय शिविरों में संबंधित एसडीएम आमजन की शिकायतें व समस्याएं सुनेंगे।

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

श्री दुर्गा भवन मंदिर से श्री बालाजी धाम डोभ तक निकली यात्रा

111वीं पैदल ध्वजा यात्रा में 11,111 ध्वजाओं का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री शनि देव मित्र मंडल की ओर से रविवार को श्री बालाजी धाम डोभ के लिए 111वीं भव्य पैदल ध्वजा यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा में 11,111 ध्वजाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।

यात्रा का शुभारंभ सुबह नौ बजे श्री दुर्गा भवन मंदिर से हुआ। इसके बाद श्रद्धालु भिवानी चुंगी होते हुए गांव डोभ स्थित श्री बालाजी धाम पहुंचे। यात्रा में केदारनाथ रथ, बद्रीनाथ रथ, श्री बालाजी धाम डोभ दरबार, श्री दुर्गा माता दरबार और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु ध्वजाएं लेकर आगे बढ़ते रहे। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था भी की गई। श्री बालाजी धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने महाराज के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की । इस अवसर पर धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। उन्होंने भक्तों की सेवा भावना और आस्था की सराहना करते हुए सभी पर श्री बालाजी महाराज की कृपा बनी रहने की कामना की। आयोजकों ने बताया कि श्री शनि देव मित्र मंडल की ओर से प्रत्येक रविवार को श्री बालाजी धाम डोभ के लिए पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाती है। 111वीं यात्रा में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया।



हरियाणा लोक कला संघ के राज्य स्तरीय सांझी उत्सव में हुई प्रतियोगिता, पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों की प्रस्तुतियों से दर्शक मंत्रमुग्ध

सांझी कला की महक और हरियाणवी संस्कृति के रंग में रंगा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा की लुप्त होती सांझी कला और लोक परंपराओं को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से हरियाणा लोक कला संघ द्वारा राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्सव में जहां प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से सांझी कला के मनमोहक रंग बिखेरे, वहीं हरियाणवी लोकगीतों, भजनों और लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा माहौल हरियाणवी संस्कृति के रंग में रंग गया।



सांझी केवल कला नहीं, हमारी सांस्कृतिक पहचान : हरविंदर

प्रख्यात निदेशक हरविंदर मलिक ने कहा कि सांझी कला केवल मिट्टी और रंगों से बनी आकृति नहीं, बल्कि हमारी लोक आस्था, संस्कारों और पीढ़ियों पुरानी परंपराओं की जीवंत पहचान है। कभी हरियाणा के घर-घर और आंगन की शोभा रही यह कला आज विलुप्त होने के कगार पर है। आधुनिकता की दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भूलना सबसे बड़ी भूल होगी। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य सांझी कला को केवल प्रतियोगिताओं और मंचों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि इसे दोबारा हरियाणा के घर-घर और नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। जिस समाज की लोक कला जीवित रहती है, उसकी सांस्कृतिक पहचान कभी समाप्त नहीं होती। उन्होंने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

बोली, पहनावा व लोकगीत ही हमारी असली शान : कविता

हरियाणवी स्टेज और सोशल मीडिया पर मामन की बहू के नाम से प्रसिद्ध लोक कलाकार कविता नांदल ने कहा कि हरियाणा की असली पहचान उसकी बोली, पहनावे, लोकगीतों और परंपराओं में बसती है। सांझी जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणवी संस्कृति हमारी शान है और इसे जीवित रखना हर कलाकार की जिम्मेदारी है।

रीना प्रथम व कौशल्या देवी दूसरे स्थान पर रहीं

राज्य स्तरीय सांझी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक कला कौशल और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रीना देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कौशल्या देवी दूसरे और अंजलि तीसरे स्थान पर रहीं। निशा गुप्ता और रेखा समचाना को 2100-2100 रुपये के सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई सांझी कलाकृतियों में हरियाणा की लोक आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक देखने को मिली।

37 एकड़ में विकसित डेयरी कॉम्प्लेक्स में 150 से अधिक प्लॉटों का हो चुका आवंटन

एक तरफ निगम कर रहा चालान, दूसरी तरफ डेयरी कॉम्प्लेक्स प्लाट की नहीं हो रही रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

15 साल से शहर की डेयरियों को शिफ्ट करने के प्रयास, मूलभूत सुविधाओं के लिए इसी साल दिए गए थे करीब 18 करोड़ रुपये

शहर में रिहायशी इलाकों के बीच चल रही डेयरियों को हटाने के लिए नगर निगम कभी चालान काटता है तो कभी डेयरी संचालकों को डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होने के निर्देश देता है। दूसरी तरफ, जो डेयरी संचालक निगम की योजना के तहत कॉम्प्लेक्स में जाने के लिए तैयार हैं, उन्हें अपने आवंटित प्लॉटों की रजिस्ट्री करवाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब डेयरी संचालक शहर से बाहर जाने को तैयार हैं तो उन्हें जरूरी प्रक्रिया पूरी करवाने में परेशानी क्यों झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों की शिकायत है कि प्लॉट आवंटित होने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इससे उनके सामने कारोबार को नई जगह पर स्थानांतरित करने की योजना पर अमल करना मुश्किल हो रहा है। नगर निगम की ओर से शहर से डेयरियों को बाहर शिफ्ट करने के लिए 15 साल से अधिक समय से प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से कन्हेली रोड पर करीब 37 एकड़ में डेयरी कॉम्प्लेक्स विकसित किया गया है। इसमें 150 सौ से अधिक प्लॉटों का आवंटन किया जा चुका है। इसके बावजूद रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। डेयरी संचालकों का कहना है कि जब तक प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं होगी, तब तक वे नए परिसर में स्थायी रूप से अपना कारोबार शुरू करने को लेकर आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इससे निगम की डेयरी शिफ्टिंग योजना भी प्रभावित होने की आशंका है।

अलग खबर



गोबर से जाम हो रही सीवर लाइनें, लगातार बढ़ रही लोगों की परेशानी

शहर में कच्चा बेरी रोड, माल गोदाम रोड, गोहाना अड्डा, गोहाना रोड, डीएलएफ कॉलोनी और पुराने बस अड्डे सहित कई क्षेत्रों में डेयरियां चल रही हैं। शहर में हजारों पशु डेयरियों में रखे गए हैं। इनसे निकलने वाला गोबर सीवर लाइनों में पहुंचने के कारण जगह-जगह सीवर जाम होने की समस्या बनी रहती है। इसके अलावा रिहायशी इलाकों में डेयरियां चलने से गंदगी, दुर्गंध और आवागमन में परेशानी जैसी समस्याओं का सामना भी स्थानीय लोगों को करना पड़ता है। सरकार ने इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए डेयरियों को कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित करने की योजना बनाई थी।

कारोबारी बोले- जरूरी प्रक्रियाएं भी हों समय पर पूरी

डेयरी कॉम्प्लेक्स में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए इसी साल करीब 18 करोड़ रुपये दिए गए थे। योजना का उद्देश्य डेयरी संचालकों को ऐसी जगह उपलब्ध करवाना है, जहां वे व्यवस्थित तरीके से अपना कारोबार चला सकें और शहर के रिहायशी इलाकों में पशुओं की वजह से होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके। इसके बावजूद प्लॉटों की रजिस्ट्री का मामला अटकने से आवंटन के बाद भी संचालकों को राहत नहीं मिल पा रही है। कारोबारियों का कहना है कि प्रशासन को सुविधाएं विकसित करने के साथ-साथ रजिस्ट्री जैसी जरूरी प्रक्रियाओं को भी समय पर पूरा करवाना चाहिए।

आलाकमान से फरमान का इंतजार

नाम न छापने की शर्त पर अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि जब आलाकमान से आदेश आएगा प्लाट की रजिस्ट्री हो जाएंगी। तब तक के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही हैं। अब रोहतक में आलाकमान कौन है, यह बताना आसान काम नहीं है।

रजिस्ट्री नहीं होने का मामला निगम आयुक्त के संज्ञान में

कुछ ऐसे डेयरी संचालक उनके पास आए हैं, जिन्हें प्लॉट आवंटित हो चुके हैं और वे कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होने के इच्छुक हैं। इसके बावजूद उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। संचालकों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम के कुछ अधिकारी रजिस्ट्री की प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं। अब देखना होगा कि निगम प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और डेयरी संचालकों को रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करवाकर कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होने का रास्ता कब तक साफ होता है।



महम। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकते सीटू कार्यकर्ता।

सीटू ने महम में फूंका ज्ञानेश का पुतला, एसआईआर रद्द करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

मुख्य चुनाव आयुक्त के असंवैधानिक कार्यकलापों के खिलाफ, एसआईआर रद्द करने की मांग व दिल्ली में छात्र-युवाओं पर भारी पुलिसिया दमन के खिलाफ सीटू कार्यकर्ताओं ने फरमाना चुंगी पर ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। सीटू जिला प्रधान प्रकाशचंद्र, भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला प्रधान सतपाल, सीटू नेत्री फूलवती व बबीता ने कहा कि एसआईआर के नाम पर हुई असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्रवाइयों के खिलाफ देश की राजधानी में चल रहे आंदोलन के दौरान हजारों छात्र-युवाओं , सामाजिक कार्यकर्ताओं की पुलिस द्वारा गैरकानूनी डिटेंशन करना सरकार के अपने ही नागरिकों के प्रति युद्ध छेड़ने जैसे हालात बना दिए हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक संस्थाओं से सवाल करना एवं विरोध प्रकट करने पर भारी दमन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजी साम्राज्यवाद की गुलामी की जंजीरों से आजाद होने के बाद ,आज देश के इतिहास का सबसे बड़ा काला दिन है। मोदी नेतृत्व वाली तानाशाह सरकार ने जनता के लोकतांत्रिक अधिकार को कुचलना के लिए पूरी राजधानी को सील कर दिया है, कर्फ्यू लगा दिया है। यह एक तरह से गैरकानूनी रूप से घोषित इमरजेंसी का ऐलान है। देश की युवा पीढ़ी और देश की जनता लोकतंत्र को बचाने ,संविधान के तहत नागरिकों को मिली अभिव्यक्ति की आजादी और अनुच्छेद 19 के अनुसार विरोध के अधिकार को बचाने के लिए देश के करोड़ों देशभक्त नागरिक सड़कों पर है। इससे लगता है देश का तानाशाह जनता के आंदोलन से बुरी तरह डर चुका है।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर रामभगत नंबरदार, सुभाष निंदाना, हरिओम, कांता, सुमित्रा, संतोष, फूलवती, सुनीता, संजय खरकड़ा, राज सिंह, ज्योति, दयावंती, सोनिया व संतरा देवी मौजूद रहे।

सुंदरपुर रोड की बदहाली पर फूटा बरसी नगर के लोगों का गुस्सा

बोले- कब मिलेगी सड़क और सीवर की सुविधा

■ पार्षद प्रतिनिधि धर्मबीर बोले- जल्द शुरू होगा काम, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के बरसी नगर में सुंदरपुर रोड की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। टूटी सड़क, जलभराव, पुरानी सीवर लाइन और पेयजल की समस्या से परेशान लोगों ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने और सड़क जाम करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सवाल करते हुए पूछा कि क्या अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं।

बरसी नगर निवासी राकेश सिंधु ने आरोप लगाया कि प्रशासन उन सड़कों का दोबारा निर्माण करवा रहा है, जो पहले से ठीक हैं, जबकि टूटी सड़कों की सुध नहीं ली जा रही। विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। उन्होंने अप्रूव और अनअप्रूव क्षेत्र के नाम पर लोगों को परेशान करने का आरोप भी लगाया। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश भारद्वाज ने बताया कि बरसी नगर को दिसंबर 2024 में अप्रूव किया गया था। यहां सीवर लाइन पुरानी है और आबादी बढ़ने के बावजूद इसे नहीं बदला गया। उनके अनुसार, यह मार्केटिंग बोर्ड की सड़क है और आठ गांवों का रास्ता भी है। सड़क का टेंडर होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि 60 फुट चौड़ी सड़क के स्थान पर 18 फुट का रोड बनाने की बात की जा रही है। संतोष अहलावत ने बताया कि वह पिछले चार साल से यहां रह रही हैं।

सड़क पर गड्ढों और पानी के जमाव के कारण रात को ड्यूटी से लौटते समय हादसे का डर बना रहता है। छोटे बच्चों को भी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि सड़क जाम करने के बाद भी समस्या जस की तस है।

जनस्वास्थ्य विभाग को लिखा पत्र

वार्ड-2 के पार्षद प्रतिनिधि धर्मबीर ने बताया कि टाइल वाली सड़क का टेंडर हो चुका है और एक नवंबर के बाद काम शुरू होने की उम्मीद है। सीवर लाइन बदलने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा गया है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के नियमित नहीं आने की समस्या भी उठाई। स्थानीय लोगों ने मांग की कि सड़क, सीवर और पेयजल की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए।



सिख धर्म के प्रचार के लिए पंजाब से पहुंचे सिख शिरोमणि संस्था के संस्थापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिरोमणि सिख संस्था के संस्थापक सरदार अमरजीत सिंह, सिख धर्म के प्रचार के लिए रविवार को रोहतक पहुंचे। सिख धर्म की स्थापना 15वीं शताब्दी में श्री गुरु नानक देव ने की थी। यह धर्म समानता, सेवा, ईमानदारी और एक ईश्वर में विश्वास पर आधारित है। सिख धर्म का इतिहास अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का एक प्रेरणादायक अध्याय रहा है। सरदार अमरजीत सिंह मूलरूप से पंजाब के रोपड़ जिला के गांव रोनी खुर्द गांव के रहने वाले हैं। वे यहां यूनियनिस्ट सिख मिशन के संस्थापक सरदार मनोज सिंह दूहन के बुलावे पर पहुंचे थे। उन्होंने ओमेक्स सिटी में नीटू सरदार के आवास पर सिख धर्म के अनुयायियों की बैठक में प्रस्तुतिकरण के जरिए सिख धर्म की विस्तृत व्याख्या की। सरदार अमरजीत सिंह ने बताया कि इक ओंकार सिख धर्म का एक केंद्रीय और पवित्र सिद्धांत है। यह इस बात का प्रतीक है कि संपूर्ण सृष्टि और सृष्टिकर्ता एक ही अविभाज्य सत्ता हैं। यह सिख धर्म में सभी तरह के भेदभाव, जाति-पाति और धार्मिक संकीर्णता को नकारते हुए मानवता की एकता का संदेश देता है।

उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव के बाद गुरु अंगद देव ने गुरुमुखी लिपि का विकास किया। जबकि तीसरे गुरु अमरदास और चौथे गुरु रामदास ने सिख परंपरा को और संगठित किया। पांचवें गुरु अर्जन देव ने सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ आदि ग्रंथ का संकलन किया। दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने 30 मार्च 1699 को वैशाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की।

हुड्डा पिता-पुत्र का राजनीतिक अध्याय खत्म, कांग्रेस में भी अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर: डॉ. शर्मा

■ हाथी की सवारी के साथ कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत, मदीना में उमड़ा जनसैलाब

कैबिनेट मंत्री का बड़ा दावा, महम में भी खिलेगा कमल, 2029 में चौथी बार बनेगी भाजपा सरकार, पूरे हरियाणा में चल रही विकास की लहर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बदल रही गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का रविवार को गांव मदीना पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। हाथी की सवारी के साथ उनका अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री ने गांव में प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की राजनीति में हुड्डा पिता-पुत्र का राजनीतिक अध्याय अब समाप्त हो चुका है और कांग्रेस के भीतर भी उनका राजनीतिक अस्तित्व कमजोर पड़ता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में महम विधानसभा क्षेत्र में भी कमल खिलेगा और वर्ष 2029 में हरियाणा की जनता लगातार चौथी बार भाजपा की सरकार बनाएगी।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को अभी से अहसास हो गया है कि प्रदेश की जनता का विश्वास भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों के साथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में आपसी खींचतान और गुटबाजी चरम पर है। हुड्डा पिता-पुत्र की राजनीति को लेकर भी कांग्रेस के भीतर सवाल उठ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता सरकार के विकास कार्यों का मुकाबला करने के बजाय केवल राजनीतिक बयानबाजी में लगे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि महम की जनता भी आने वाले समय में भाजपा के पक्ष में अपना फैसला सुनाएगी।



हरियाणा में विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज पूरे हरियाणा में विकास कार्यों की लहर चल रही है। शहरों के साथ-साथ गांवों में भी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्यों की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर जनता तक उनका लाभ पहुंचाना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

डीजे के साथ रंग-बिरंगे परिधानों में छात्र-छात्राओं ने की भागीदारी

मधुर संगीत व डांडिया की खनक से उत्सवमय हुई सुपवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) स्थित वीसी सेक्रेटरिएट के कोर्टयार्ड में विजुअल आर्ट्स के छात्रों ने डांडिया उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान मुधर संगीत व डांडिया की खनक बीच सुपवा परिसर उत्सवमय होता नजर आया। डांडिया उत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों के साथ भागीदारी की। डांडिया उत्सव का आयोजन नवरात्रि के पावन अवसर पर किया गया। डांडिया उत्सव की शुरुआत कुलगुरु डॉ अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा व विजुअल आर्ट्स के फैकेल्टी कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने पारंपरिक तौर पर दीप प्रज्वलित करते हुए की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व पारंपरिक गुजराती संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना रहा। दीप प्रज्वलन के बाद छात्र-छात्राओं ने मां दुर्गा की आराधना की और सभी के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान छात्राओं ने पारंपरिक परिधान और छात्रों ने रंग-बिरंगे कुर्ते पहनकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। डांडिया उत्सव में गुजराती लोकगीतों और गरबा की धुनों पर छात्राओं ने एकल, युगल व ग्रुप डांस किया।



छात्रों में होता है सर्वांगीण विकास

कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनसे छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना व सांस्कृतिक जागरूकता का विकास होता है। डांडिया की आयोजन समिति में शामिल रहे छात्रों ने इस आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन, फैकेल्टी व प्रतिभागी छात्रों का आभार जताया। डांडिया उत्सव के दौरान छात्रों ने खानपान की विभिन्न स्टाल भी लगाई, जिन पर लजीज व्यंजन बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। इस दौरान यूनिवर्सिटी का टीचिंग, नॉन-टीचिंग स्टाफ भी मौजूद रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005